हिन्दी मासिक अंक : 12 वर्ष : 12 मार्च 2025 ₹5/-

अक्षय किरण

उल्लास और उमंग के संग होली के रंग

होली का पर्व उल्लास, आनंद व शाश्वत परम्परा का परिचायक

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने होली पर्व के अवसर पर राजसमन्द विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीयों के साथ होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में विधायक स्वयं कार्यकर्ताओं के साथ फागुन, धार्मिक और देश भक्ति गीतों पर नृत्य किया। समारोह में विधानसभा क्षेत्र के साथ ही जिले भर के भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे, जिन्हें विधायक माहेश्वरी ने गुलाल और अबीर लगाकर रंगों के त्यौहार होली के पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विधायक ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का स्वागत करते हुए कहा कि राजसमंद की जनता की आवाज इन मंडल अध्यक्षों के बलबूते पर ही में विधानसभा में बुलंद करती हूं। कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा होली का पर्व हमारे जीवन में उन्मुक्तता, आनंद और उल्लास लेकर आता है। सनातन के समस्त पर्व शुभ संकल्पो का संदेश लेकर आते है।

महिला स्वावलम्बन की दिशा में सरकार प्रतिबद्ध

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्मार्ट स्टडी स्कूल, करजा घाटी में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस विशेष अवसर पर उन्होंने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर जोर देते हुए, केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं नीतियों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।इस अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में कई प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, महिला उद्यमिता प्रोत्साहन, स्कुटी वितरण आदि योजनाओं का उल्लेख करते हुए बालिकाओं को अपने सपनों की ओर बढ़ने और समाज में एक सशक्त पहचान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

महिला के मान सम्मान और स्वाभिमान से सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण
महिला शक्तिसम्मान समारोह में किया नारी के धैर्य व साहस का गौरवगान

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, राजसमंद द्वारा महिला शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि महिलाओं के मान सम्मान ओर स्वाभिमान से सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के नेतृत्व में विकास की अवधारणा पर एक सशक्त भारत का प्रादर्श विश्व के सामने रखा है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक कानून संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण का अधिकार देता है, जिससे देश के नीति–निर्माण में महिलाओं की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने यह भी बताया कि जब स्वर्गीय किरण माहेश्वरी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष थीं, तब भारतीय जनता पार्टी के संगठन में भी महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण का अधिकार दिया गया था। यह पहल महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम थी।

महिला सशक्तिकरण में डिजिटल मीडिया वरदान साबित होगा

जयपुर में महिला सशक्तिकरण और डिजिटल मीडिया के अवसरों पर की चर्चा

जयपुर के कानोड़िया पीजी महाविद्यालय सभागार में आयोजित संगोष्ठी में राजसमन्द विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी बतौर अतिथि वक्ता शिरकत की। अंग्रेजी विभाग और सक्षम संचार फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित संगोष्ठी में "न्यू इंडिया, न्यू मीडिया एंड द नेक्स्ट बिग लीप" विषय पर चर्चा की गयी। संगोष्ठी का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पूर्व महिलाओं के सशक्तिकरण और डिजिटल मीडिया में महिलाओं के अवसरों को लेकर जागरूकता पैदा करना है। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके कौशल को पहचान कर कौशल विकास पर ध्यान केन्द्रित करना आवश्यक है। विधायक ने कहा कि "हर व्यक्ति को अपने कौशल का महत्व समझना चाहिए और उसे सशक्त बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। विशेषकर महिलाओं को अपनी क्षमताओं को पहचान कर, समाज में अपने अधिकारों और स्थान को सुनिश्चित करना चाहिए।"

विकास और संगठन का जनआधार बढ़ाने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की मंथन बैठक

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने भारतीय जनता पार्टी (नगर मंडल) द्वारा विधायक कार्यालय पर विगत दिनों आयोजित बैठक में भाग लिया। बैठक में बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों, पार्षदों, पार्षद प्रत्याशियों, मोर्चा पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस दौरान विकास कार्यों और संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने नव–निर्वाचित बूथ अध्यक्षों का सम्मान करते हुए उनका परिचय प्राप्त किया और संगठन को मजबूती देने में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने नव–निर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जगदीश पालीवाल एवं नगर मंडल अध्यक्ष श्री दिनेश कुमावत का संगठन की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया।

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने किया मुख्यमंत्री जन आवास योजना परियोजना का निरीक्षण

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने आज राजनगर में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री जन आवास योजना में भवन परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल, विद्युत एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं की समीक्षा की और उनके शीघ्र समाधान हेतु संबंधित उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आवंटन प्रक्रिया को अति शीघ्र पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह योजना निम्न एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए आवास समस्या के समाधान की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से सैंकड़ो परिवारों को सुरक्षित एवं सुलभ आवास उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि लाभार्थियों को शीघ्रातिशीघ्र योजना का लाभ मिल सके।

विकास और संसदीय प्रक्रियाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

विधायक दीप्ति ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का किया आत्मीय स्वागत

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने बुधवार को सर्किट हाउस में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला का आत्मीय अभिनंदन एवं स्वागत किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच संसदीय कार्य प्रणाली, जनसमस्याओं के समाधान में जनप्रतिनिधियों की भूमिका, विकास कार्यों की प्रभावी क्रियान्विति एवं जनता तक सरकार की योजनाओं को सुचारू रूप से पहुंचाने पर सार्थक चर्चा हुई। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने इस अवसर पर श्री ओम बिरला को किरण माहेश्वरी स्मृति मंच द्वारा आयोजित व्याख्यान माला में सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया।

महाशिवरात्री पर्व पर प्रदेश व क्षेत्र के लोकमंगल व समृद्धि की कामना व आराधना



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने फरारा महादेव मंदिर में दर्शन कर भगवान शिव की आराधना की। उन्होंने प्रदेशवासियों के मंगल व कल्याण, शांति एवं समृद्धि की कामना की। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व आध्यात्मिक ऊर्जा, भक्ति और सकारात्मकता का प्रतीक है। भगवान शिव की कृपा से समाज में सद्भाव और विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से शिवरात्रि के इस पर्व पर समाज में सेवा, सहयोग और सदाचार को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

मोदी व भजन सरकार में किसानों का जीवन स्तर ऊंचा उठा है : दीप्ति

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 6 वर्ष पूर्ण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम–किसान) योजना के छह वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह योजना लघु एवं सीमांत कृषकों को सशक्त बनाने की ऐतिहासिक पहल है, जिससे किसानों को सम्मान, स्वाभिमान और सुरक्षा प्राप्त हो रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने मुख्यमंत्री किसान सम्मान योजना प्रारंभ की है, जिसके अंतर्गत इस वर्ष प्रत्येक किसान को 2,000 रुपये की सहायता राशि दी जा रही है। राज्य सरकार ने बजट में इस राशि को बढ़ाकर 3,000 रुपये करने की घोषणा की है, जिससे लघु एवं सीमांत किसानों को और अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसानों को आत्मनिर्भर, समृद्ध और सक्षम बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। भारतीय जनता पार्टी किसानों को आत्मनिर्भर, समृद्ध और सक्षम बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। पार्टी की प्राथमिकता है कि किसानों को उनकी मेहनत का पूरा लाभ मिले और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा संचालित योजनाएं किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हो रही हैं।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण के प्रति संकल्पित है भाजपा सरकार

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और राजस्थान की भाजपा सरकार दिव्यांग भाई–बहनों के सम्मान, स्वाभिमान और कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है। सरकार न केवल उन्हें सुविधाएं प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विधायक माहेश्वरी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजसमंद द्वारा आयोजित दिव्यांग स्कूटी वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर 38 दिव्यांग जनों को स्कूटी वितरित की गई, जिससे वे अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को आसानी से पूरा कर सकें और समाज की मुख्यधारा में सक्रिय भागीदारी निभा सकें।

श्री करणी क्लब व पुलिस विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की 13वीं वॉलीबाल प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन

नगर क्षेत्र में जिला पुलिस विभाग एवं श्री करणी क्लब, राजसमंद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की 13वीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने उद्घाटन मैच के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं को अपनी खेल दक्षता दिखाने और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है।

शिक्षा के साथ सहशैक्षणिक गतिविधियों से छात्राओं के व्यक्तित्व का सर्वांगिण विकास

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, देवतलाई में आयोजित शैक्षिक किशोरी बाल मेला 2025 में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान, गणित एवं विविध विषयों पर प्रदर्शित मॉडलों का अवलोकन किया और उनके नवाचार एवं रचनात्मकता की सराहना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत खेलकूद एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखकर उन्होंने हर्ष व्यक्त किया एवं प्रतिभाशाली छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ–साथ खेलकूद एवं सह–शैक्षणिक गतिविधियों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।

सुन्दरचा में पालीवाल समाज के भवन का लोकार्पण
समाज भवनों की सामाजिक व सांस्कृतिक उत्थान में महत्ती भुमिका

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विगत दिनो सुंदरचा में पालीवाल समाज के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने समाज के विकास में ऐसे भवनों की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए कहा कि समाज भवन बहुउद्देशीय एवं सर्वोपयोगी होते हैं, जो समाज की एकता और प्रगति का प्रतीक हैं। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने भवन निर्माण में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देने वाले सभी समाजबंधुओं का अभिनंदन किया और उनके सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह भवन समाज की सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षिक गतिविधियों के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

राज्यपाल ओम माथुर व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का आत्मीय स्वागत

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर एवं राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का आत्मीय स्वागत किया। ये दोनों वरिष्ठ नेता पद्मश्री श्याम सुंदर पालीवाल के परिवार में आयोजित मांगलिक प्रसंग में भाग लेने के लिए राजसमंद पहुंचे थे। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राज्यपाल ओम माथुर एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किए एवं उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई, जिसमें दोनों वरिष्ठ नेताओं से महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि राज्यपाल ओम माथुर एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का अनुभव और मार्गदर्शन क्षेत्र की प्रगति में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने इस भेंट को राजसमंद के विकास के लिए प्रेरणादायक बताया।

राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी सामाजिक कार्यक्रमों में हुई शामिल

राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विगत दिनो विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में सम्मिलित हुई। क्षेत्र में प्रवास के दौरान विधायक ने ग्रामीणों से परिचर्चा की। बिनोल में ग्रामवासियों से चर्चा करके ग्राम के विभिन्न समस्याओं पर संज्ञान लिया। साथ ही क्षेत्र में विभिन्न मदों से स्वीकृत तथा प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की।

सनातन धर्म की अक्षुण्य परम्परा सुरक्षित तो राष्ट्र सुरक्षित–दीप्ति

काबरी महादेव के पावन प्रांगण में हनुमान मंदिर पर धर्मध्वज कार्यक्रम में राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने सहभागीता की। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यदि सनातन धर्म सुरक्षित है तो राष्ट्र सुरक्षित हाथों में है। एक कार्य पूरा हुआ तो अगले कार्य की शुरुआत कर देनी है, लेकिन हर कार्य राष्ट्र और सनातन धर्म के नाम पर होना चाहिए। "हर काम देश के नाम होना चाहिए" हमारा कोई व्यक्तिगत अस्तित्व नहीं है। यदि हमारा राष्ट्र सुरक्षित है, तो हमारा धर्म भी सुरक्षित रहेगा, यदि हमारा धर्म सुरक्षित है तो हम भी सुरक्षित रहेंगे।

जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए प्रतिबद्ध है सरकार

राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राजस्थान विधानसभा में प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित भाजपा विधायक दल की बैठक में सहभागिता की। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आमजन के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक दल की बैठक में नीतिगत विषयों, जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा के साथ–साथ आगामी कार्य योजना पर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देशित करते हुए कहा कि विधायक सदन में अधिकाधिक समय परिचर्चा में भाग ले। सदन में किसी भी विषय पर अपना पक्ष अध्ययन और मनन करके रखे। कि सदन ही नहीं सदन के बाहर भी सरकार का मजबूत पक्ष रख कर विपक्ष को करारा जवाब दे। विधायकगण, सरकार के एक साल के कामकाज पर भी बातचीत करने के लिए पूर्ण तैयारी से आए ताकि विधायक सदन में विपक्ष के आरोपों का जवाब दे सकें।

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने ग्रामवासियों से की चर्चा

निकाय पुनर्गठन को लेकर चिंताओं पर दिया समाधान का आश्वासन

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधायक कार्यालय पर ग्राम एमड़ी के निवासियों के साथ पंचायती राज एवं नगरीय निकाय संस्थाओं के पुनर्गठन और परिसीमन से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान ग्रामवासियों की समस्याओं, आपत्तियों और आवश्यकताओं पर गहन विचार–विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त, पीपरड़ा चौराहे पर पीपरड़ा एवं मोरचना के ग्रामवासियों ने विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी से भेंट कर निकाय पुनर्गठन को लेकर अपनी आपत्तियों और चिंताओं से अवगत करवाया। विधायक माहेश्वरी ने ग्रामवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी भावनाओं एवं समस्याओं को राज्य सरकार तक पहुंचाया जाएगा और निकाय पुनर्गठन से जुड़ी चिंताओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने यह भी दोहराया कि क्षेत्रीय विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहेंगी।

राजस्थान सरकार बजट 2025

रोजगार, अंत्योदय एवं जनकल्याण को समर्पित है राजस्थान का ऐतिहासिक बजट

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को राज्य के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह अर्थ संकल्प रोजगार, अंत्योदय और जनकल्याण को समर्पित है, जिससे प्रदेश को नई गति मिलेगी। पेयजल, बिजली, सड़क निर्माण, शहरों का नियोजित विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य संरचना को प्राथमिकता देकर राजस्थान देश का अग्रणी राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। बजट में मेवाड़ के लिए घोषित योजनाओं की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि पिपलांत्री को पर्यावरण केंद्र के रूप में विकसित करने, आदिवासी पर्यटन संकुल के निर्माण, उदयपुर में खनन संस्थान की स्थापना और नाथद्वारा के नियोजित विकास की घोषणाएं क्षेत्र की आर्थिक और पर्यटन गतिविधियों को नई ऊंचाई देंगी। बजट में राजसमंद के लिए की गई घोषणाओं हेतु मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री का जताया आभार। उन्होंने बताया कि केलवा से आमेट सड़क निर्माण के लिए 30 करोड़ और बड़ौदा फरारा महादेव सड़क मार्ग के लिए 7.80 करोड़ की स्वीकृति दी गई है, जिससे आवागमन सुविधाजनक होगा और क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसी के साथ, पिपलांत्री को पर्यावरण पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की घोषणा क्षेत्र की पर्यटन क्षमता को और अधिक सशक्त बनाएगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार हेतु राजसमंद जिला चिकित्सालय में शैय्याओं की संख्या में वृद्धि की गई है, जिससे मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा, सांगठ बांध के निर्माण की स्वीकृति से जल संसाधनों को मजबूती मिलेगी और किसानों को सिंचाई के लिए अतिरिक्त सुविधा प्राप्त होगी। वहीं, मगरा विकास योजना के अंतर्गत ₹100 करोड़ का बजटीय प्रावधान किया गया है, जो इस क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देगा। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण की घोषणा से यातायात सुविधाओं में सुधार होगा और स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा।

विधानसभा में दीप्ति ने की राजसमन्द की आवाज बुलन्द

♦ विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधानसभा में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण की मांग उठाई

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधानसभा सदन में पर्ची के माध्यम से राज्य सरकार का ध्यान द्वारकाधीश कन्या महाविद्यालय एवं किरण माहेश्वरी महाविद्यालय के सामने यात्री प्रतीक्षालय निर्माण की ओर आकर्षित किया।

♦ राजसमंद में नए महाविद्यालयों की आवश्यकता

उन्होंने राजसमंद जिला मुख्यालय पर विधि महाविद्यालय, आयुर्वेद महाविद्यालय और कुरज में कृषि महाविद्यालय प्रारंभ करने की मांग करते हुए कहा कि इन संस्थानों की स्थापना से क्षेत्रीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही, श्री रंगलाल कोठारी महाविद्यालय, द्वारकाधीश कन्या महाविद्यालय एवं किरण माहेश्वरी महाविद्यालय में अतिरिक्त विषय प्रारंभ करने हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट किया।

♦ मार्बल उद्योग को कर राहत देने की मांग रखी

राजस्थान विधानसभा में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राज्य सरकार का ध्यान राजस्थान के मार्बल उद्योग की मौजूदा चुनौतियों की ओर आकर्षित किया और इस उद्योग को रॉयल्टी एवं GST दरों में राहत प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

♦ जनता से किए गए वादे, भाजपा सरकार में हो रहे पूरे

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने राजसमंद जिले में विकास कार्यों को गिनाते हुए बताया कि कुंवारिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए भूमि आवंटन एवं बजट स्वीकृत हो चुका है, शीघ्र निर्माण कार्य आरंभ होगा और उद्घाटन भी भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही किया जाएगा।

♦ कांग्रेस सरकार की घोषणाएं बनी थीं केवल चुनावी जुमले

कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने राजसमंद उपचुनाव के समय कई बड़ी घोषणाएं की थीं, लेकिन एक भी पूरी नहीं हुई। अपने अंतिम बजट में पूर्व कांग्रेस सरकार ने खारी फीडर के लिए 80 करोड़ रुपए की घोषणा की थी, लेकिन बजट में 1 रुपया भी आवंटित नहीं किया।

♦ राजसमंद जिला चिकित्सालय में चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने की मांग की

राजस्थान विधानसभा में नियम 295 के अंतर्गत विशेष उल्लेख करते हुए विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राजसमंद जिला चिकित्सालय में हृदय रोग चिकित्सा इकाई की स्थापना और हृदय रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति की मांग की। उन्होंने बताया कि जिले में हृदय रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि 2024 में राजसमंद जिला चिकित्सालय में कुल 21,964 मरीज भर्ती हुए, जिनमें से 732 हृदय रोगी थे। ICU में भर्ती 1,527 मरीजों में से 469 को हृदय संबंधी समस्याएँ थीं। ओपीडी में आए 4,28,396 मरीजों में से 14,880 में हृदय रोग के लक्षण पाए गए।

♦ जरूरतमंद विद्यार्थियों तक पहुंचे छात्रवृत्ति का लाभ

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधानसभा में प्रश्न काल के दौरान प्रश्न पुछते हुए जानकारी चाही है कि, पिछले तीन वर्षो में सरकार ने कितने विद्यार्थियों को छात्रवृति से लाभान्वित कराया है? छात्रवृति को जरूरतमंद विद्यार्थी तक पहुंचाने के लिए क्या ठोस कदम उठा रही है सरकार?

GMCH
GEETANJALI HOSPITAL
HEALTH IS HAPPINESS

HOSPITAL | LABORATORY | BLOOD BANK | EMERGENCY

लाखों लोगों के विश्वास के साथ

गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, उदयपुर

हमेशा तैयार आपके स्वास्थ की सम्पूर्ण देखभाल के लिए।

सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल जहां एक छत के नीचे उपलब्ध है विश्वस्तरीय चिकित्सकीय सुविधाएं

जनरल मेडिसिन | जनरल सर्जरी | नवजात शिशु एवं बाल रोग | नेत्र रोग | स्त्री एवं प्रसूति रोग | चर्म एवं गुप्त रोग
कान, नाक एवं गला रोग | अस्थि रोग | मानसिक रोग | दन्त रोग | रेडियोलोजी | लेबोरेट्री

कैंसर रोग | हृदय रोग | हृदय शल्य चिकित्सा | जोड़ प्रत्यारोपण | मूत्र एवं गुर्दा रोग | श्वास रोग (चेस्ट एवं टी.बी.) एवं पल्मोनरी मेडिसिन
फर्टिलिटी एण्ड IVF सेन्टर | किडनी प्रत्यारोपण | किडनी रोग | पेट, आंत व लिवर रोग (गेस्ट्रोएंटेरोलोजी) | न्यूरोलोजी | न्यूरोसर्जरी
न्यूरो व वेसक्यूलर इन्टरवेंशनल रेडियोलोजी | जी.आई. सर्जरी | हेमेटोलोजी | रूमेटोलोजी | न्यूक्लियर मेडिसिन | एंडोक्राइनोलोजी
बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी | नवजात शिशु रोग | गहन चिकित्सा ईकाई (ICU)

ब्लड सेन्टर | 196–बेडेड आई.सी.यू. | 21 ऑपरेशन थिएटर | 250+ सीनियर डॉक्टर्स की टीम | 1420 बेड्स की सुविधा

हार्ट एण्ड किडनी ट्रांसप्लांट सेन्टर

ADVANCED TECHNOLOGIES FOR PRECISION IN TREATMENT BY EXPERTS

राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (RGHS)

- भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS)
- उत्तर पश्चिमी रेलवे (NWR)
- कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC)
- सभी महत्वपूर्ण टी.पी.ए. (TPA) व इन्श्योरेन्स से अधिकृत
- अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों से अनुबंधित

गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, उदयपुर

नेशनल हाईवे–8 बायपास, एकलिंगपुरा चौराहा के पास

0294–2500044

www.geetanjalihospital.co.in

PMCH
HEALTH ADVISORS

निःशुल्क डिलीवरी

सामान्य एवं सिजेरियन
जाँच एवं दवाईयों सहित

निःशुल्क प्राईवेट रूम की सुविधा
(4 माह पूर्व पंजीकरण कराने पर)

रजिस्ट्रेशन अनिवार्य
9828144314

PACIFIC MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Bhilo Ka Bedla, NH-27, Pratap Pura, Amberi, Udaipur, Rajasthan-313011.

RNI No. RAJHIN/2013/50687 POSTAL REGN. RJ/UD/29-114/2025-2027 प्रेषक कार्यालय : मुख्य डाकघर चेतक सर्कल, उदयपुर प्रकाशन दिनांक : 15.03.2025 प्रेषण दिनांक प्रत्येक माह की 18–22

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने छात्रावास भवन के विस्तार कार्य का किया शिलान्यास

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने जागृति सेवा संस्थान में नगर परिषद द्वारा छात्रावास भवन के विस्तार कार्य के शिलान्यास समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूजा–अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठनों एवं संस्थाओं को शिक्षा के स्तर को सशक्त बनाने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि विकसित भारत और विकसित राजस्थान के निर्माण के लिए हमारी शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। शिलान्यास समारोह में पूर्व विधायक, नगर परिषद के उपसभापति, पूर्व सभापति, नेता प्रतिपक्ष, पार्षदगण, परिषद के अधिकारी, जागृति सेवा संस्थान के पदाधिकारी एवं सदस्य, मंडल के पदाधिकारी, वार्डवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राजसमन्द होली स्नेह मिलन समारोह की झलकियां

प्रारूप 4ए
(नियम 8 देखिए)

1. प्रकाशक का स्थान : उदयपुर
2. प्रकाशन की नियत अवधि : मासिक
3. मुद्रक का नाम : डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी
   राष्ट्रीयता : भारतीय
   पता : 457, अम्बामाता योजना, उदयपुर – 313004
4. प्रकाशक का नाम : डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी
   राष्ट्रीयता : भारतीय
   पता : 457, अम्बामाता योजना, उदयपुर – 313004
5. संपादक का नाम : अनिल चतुर्वेदी
   राष्ट्रीयता : भारत
   पता : 28, आदित्यनाथ नगर, बेदला खुर्द, उदयपुर
6. स्वामी का नाम : किरण माहेश्वरी स्मृति मंच, 457, अम्बा माता योजना, उदयपुर 313004 (पूर्व स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक स्वर्गीय श्री जगदीश चंद्र देवपुरा के अंतिम अच्छा पत्र के अनुसार स्वामित्व का हस्तांतरण प्रक्रियाधीन)

घोषणा (Declaration)

मैं डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी, यह घोषणा करता हूं कि ऊपर दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही है।

(डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी)
दिनांक 15.03.2024 प्रकाशक के हस्ताक्षर

Facebook kiranmaheshwari.bjp
Instagram kiranmaheshwari.bjp
Twitter kiransnm
DOWNLOAD Kiran Maheshwari APP

अक्षय किरण

प्रबंधकीय कार्यालय
457, अम्बामाता योजना,
उदयपुर - 313004,
मो. 0294- 3551805

प्रधान सम्पादक
डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी
94146 16490

सम्पादक
अनिल चतुर्वेदी
9414164431

सह–सम्पादक
राजेश शर्मा
9414786019

प्रकाशक मुद्रक एवं स्वामी :
स्वत्वाधिकारी किरण माहेश्वरी स्मृति मंच की ओर से प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी, 457 अम्बामाता योजना, उदयपुर – 313004 से प्रकाशित। न्यूट्रेक ऑफसेट प्रिंटर्स, हिरण मगरी, उदयपुर से मुद्रित। पूर्व स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक : स्वर्गीय श्री जगदीश चंद्र देवपुरा, संपादक अनिल चतुर्वेदी

वार्षिक शुल्क – 300/– आजीवन शुल्क – 2100/–
contact@kiranmaheshwari.com
www.kiranmaheshwari.com